Panch Pargana Kisan College, Bundu, Ranchi University, Ranchi

National Service Scheme (NSS)

SWACHHATA HI SEVA_CERTIFICATE DISTRIBUTION_01.10.2024

आज दिनांक 01.10.2024 को पाँच परगना किसान कॉलेज, बुण्डू में 15 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा है अभियान के समापन के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने इन 15 दिनों के अपने अनुभवों का हर्षोल्लास के साथ आदान प्रदान किया। कार्यक्रम का आरंभ NSS गीत के साथ हुआ, जिसे इकाई 2 के स्वयंसेवक नितेश प्रमाणिक एवं हिमाशु ने प्रस्तुत किया। NSS की इकाई 1 के अजय ने गांधी जयंती के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद स्वच्छता एवं सेवा विषय पर स्वयंसेवकों ने एक नुक्कड नाटक का मंचन भी किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ० बिनीता कुमारी ने स्वयंसेवकों द्वारा अस्पताल आदि में किए गए सेवा कार्य पर हर्ष प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य करने के लिए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। स्वच्छता अभियान के सफल संचालन के लिए प्राचार्या महोदया ने कार्यक्रम पदाधिकारी सुश्री संगीता जायसवाल, डॉ० आराधना तिवारी एवं डॉ० तारकेश्वर कुमार को भी साधु वाद देते हुए ऐसे कार्यक्रम कराते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या महोदया ने अपने करकमलों से इस अभियान के अंतर्गत संचालित सभी प्रतियोगिताओं क विजेताओं एवं अभियान के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सभी सम्मानित शिक्षकगण उपस्थि तथे।